योग्यता शर्तें निम्नलिखित है -

(क) आयु - (i) संस्थान में नामांकन हेतु आयु सीमा भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, डी०जी०ई०एण्ड टी० के शर्तों के अनुसार न्यूनतम आयु 14(चौदह) वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 (चालिस) वर्ष होनी चाहिए।

(ii)भूतपूर्व सैनिक/पिछड़ा वर्ग/हरिजन/आदिवासी छात्रों के लिए ५ (पाँच) वर्ष की छूट अधिकतम आयु सीमा में देय होगी ।

नोट :- आयु सीमा की गणना नामांकन वर्ष के अगस्त माह तक के लिए मान्य होगा।

(ख) शैक्षणिक योग्यता - संस्थान में नामांकन केवल भारतीय नागरिकों के लिए अनुमान्य है चाहे वे किसी भी लिंग, प्रजाति, जाति अथवा वर्ग के हों–

(i) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या काउंसिल या समिति से मैट्रिक अथवा दसवीं कक्षा पास ।

(ii) मध्यमा (गणित एवं विज्ञान विषयों) से उत्तीण छात्र केवल फिटर शाखा के लिए मान्य होंगे।

(iii) राष्ट्रीय मुक्त स्कूल, दिल्ली का सिनियर सेकेण्डरी स्कूल सर्टीफिकेट।

(iv) गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान अथवा भूगर्भ विज्ञान विषयों से उत्तीण।